आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 20.09.2024 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचार :–

- पीएम विश्वकर्मा योजना की वर्षगॉठ पर प्रधानमंत्री ने कहा शिल्पकार योजना का लाभ उठाकर उद्यमी और व्यापारी बने।
- कोलकाता में निवेशक सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से की चर्चा।
- राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत प्रदेश में खुलेंगे पांच आयुर्वेद महाविद्यालय और दो आयुष अस्पताल।
- भारत–बॉग्लादेश के बीच खेले जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत पहुँचा मजबूत स्थिति में।

**प्रधानमंत्री - वर्धा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शिल्पकारों से अपील की कि **प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना** का लाभ उठाकर उद्यमी और व्यापारी बनें। श्री मोदी महाराष्ट्र में वर्धा के स्वावलम्बी मैदान में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस योजना के लाभों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि परम्परागत व्यवसाय का उत्पादन बढाने के लिए साढे छह लाख से अधिक लाभार्थियों को आधुनिक उपकरण प्रदान किये गये हैं। कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी ने प्रधानमंत्री मित्र वस्त्र पार्क का भी शिलान्यास किया। यह पार्क पश्चिम विदर्भ के अमरावती जिले में एक हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बनाया जाएगा। इस परियोजना से रोजगार के एक लाख अवसर पैदा होने की संभावना है और दस हजार करोड रूपये का निवेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 18 लाभार्थियों को समारोह में ऋण के चैक प्रदान किये। प्रधानमंत्री ने शिल्पकारों के उत्पाद प्रदर्शनी के मंडप का भी दौरा किया और शिल्पकारों से बातचीत की।

<u>मोदी सरकार 100 दिन</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो चुके है। इस अवधि में सरकार ने गरीब, किसान, युवा और कर्मचारियों के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाए हैं। खासकर सरकार द्वारा युवाओ के लिये कई लाभकारी योजनाओं की शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 100 दिनों में किसान कल्याण और कृषि विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य हुआ है। उमरिया जिले की ममता पांडे ने बताया कि–

## निवेश सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कोलकाता में इन्वेस्टर समिट का शुभारंभ किया। इस अवसपर आयोजित इंटरेक्टीव सेशन में प्रमुख उद्योगपति और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं है। यहां से कॉटन पूरे देश में जाता है रेडीमेड की संभावनाएं सबसे अधिक कहीं है तो वो मध्यप्रदेश में है। उन्होंने उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि सरकार हर संभव सहायता करेगी और कोई भी उद्योग हो उसके लिए प्रदेश में बेहतरीन अवसर और समर्थन मौजूद है। मुख्यमंत्री ने कई उद्योगपतियों से वन टू वन चर्चा भी की। मुख्य्मंत्री ने बताया कि क्षेत्रीय स्तर पर जारी इन्वेस्टर समिट के आगामी क्रम में 27 सितंबर को सागर में समिट का आयोजन होगा।

## पंजीयन प्रारंभ

प्रदेश में खरीफ फसलो का समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिये पंजीयन 19 सितम्बर से शुरू हो चुका है। किसान 4 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि किसान मोबाइल से घर से ही पंजीयन करा सकते है। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों और तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर तथा एम.पी. किसान एप पर भी की गई है। इसके अलावा पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है।

## जनजातीय वर्ग परीक्षा

जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिये राज्य सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। जनजातीय विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित कराने के लिये निशुल्क कोचिंग दी जायेगी। इसके लिये सभी जनजातीय विकासखंडों में रानी दुर्गावती प्रशिक्षण अकादमी स्थापित की जा रही है। यहां जनजातीय विद्यार्थियों को जेईई, नीट, क्लेट और यूपीएससी जैसी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की बड़ी परीक्षाओं के लिए फ्री कोचिंग देकर इन्हें परीक्षाओं में सफल होने के गुर सिखाए जायेंगे। वर्तमान में आकांक्षा योजना के अंतर्गत भोपाल, इंदौर एवं जबलपुर में कोचिंग दी जा रही है। अब सभी ट्राईबल ब्लॉकों में जनजातीय विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग का लाभ देने के लिये योजना की संशोधित डीपीआर तैयार कर ली गई है।

## राष्ट्रीय आयुष मिशन

राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत प्रदेश में 5 नए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय और 2 नए 50 बिस्तरीय आयुष चिकित्सालयों की स्थापना को स्वीकृति मिल गई है। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने इसके लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया है। आयुष मंत्री श्री परमार ने बताया कि इसके लिए करीब 70 करोड़ रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस तरह कुल 350 करोड़ रुपए नवीन शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालयों की स्थापना के लिए दिए गए है। इसके तहत सागर, शहडोल, बालाघाट, नर्मदापुरम और मुरैना जिले में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय की स्थापना होगी, इससे प्रदेश के समस्त संभागों में अब शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय स्थापित हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि शुजालपुर और श्योपुर में 50 बिस्तरीय आयुष चिकित्सालयों की स्थापना के लिए राशि स्वीकृत की गई है।

## <u>भारत बंगलादेश क्रिकेट श्रृंखला</u>

चेन्नई के एम.ए चिदम्बरम स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और बंगलादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच के दूसरे दिन आज भारत बेहद मजबूत स्थिति में आ गया है। भारत की पहली पारी 376 रनों पर समाप्त हुई। इसके जवाब में बॉग्लादेश 149 रनों पर ही सिमट गया। भारत की ओर जसप्रीत बूमराह ने चार विकेट लिये। खेल समाप्त होने तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट 81 रन बना लिये हैं। भारत की बढ़त कुल 308 रनों की हो गयी है। दूसरी पारी में सुभमन गिल 33 रन बनाकर नाबाद है। उनके साथ ऋषभ पंत 12 रन बनाकर खेल रहे हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- **सीहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आयुष्मान पखवाड़ा के तहत जिलेभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और 'आपके द्वार आयुष्मान' की थीम पर घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये नामांकन करने को कहा है।**
- मंदसौर नगर परिषद मल्हारगढ़ द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा रैली, शपथ एवं मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिये प्रेरित किया गया।
- **सीहोर जिले में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 14 सितंबर से 19 सितंबर तक वाराणसी तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया। आज यात्रियों के सीहोर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर स्वागत किया गया।**
- नीमच जिले की शासकीय औद्ययोगिक प्रशिक्षण संस्था मनासा में 23 सितम्बर को कैम्पस प्लेटमेंट आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 10वी, 12वी, आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणाथियों का मशीन आपरेटर के लिए चयन कम्पनी द्वारा किया जावेगा।
- अनूपपुर कलेक्ट्रेट में कल महिला एवं बाल विकास विभाग की मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ सामुदायिक लामबंदी थीम पर कार्यशाला का आयोजन महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ किया गया।
- सतना जिले के रघुराजनगर तहसील के ग्राम कूची को चंदनगढ़ तथा रामपुर बघेलान तहसील अंतर्गत कुडिया गांव को अब कर्णपुर के नाम से जाना जायेगा। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार आदेश जारी कर दिए हैं।

अंत में मुख्य समाचार ....

- पीएम विश्वकर्मा योजना की वर्षगॉठ पर प्रधानमंत्री ने कहा शिल्पकार योजना का लाभ उठाकर उद्यमी और व्यापारी बने।
- कोलकाता में निवेशक सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से की चर्चा।
- राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत प्रदेश में खुलेंगे पांच आयुर्वेद महाविद्यालय और दो आयुष अस्पताल।
- भारत–बॉग्लादेश के बीच खेले जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत पहुॅंचा मजबूत स्थिति में।

.....................